उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,
पिकप भवन, तृतीय तल, गोमतीनगर,
लखनऊ – 226010

संख्या- 49 /09/कम्प्यूटर अनुभाग (बारह)/2025-26/08-परीक्षा/2024

लखनऊ : दिनांक : 01 अप्रैल, 2026

आवश्यक सूचना

आयोग के विज्ञापन संख्या-08-परीक्षा/2024, अवर अभियंता (सिविल) मुख्य परीक्षा (प्रा०अ०प०-2023)/08 के अंतर्गत विभिन्न विभागों के नियंत्रणाधीन अवर अभियंता (सिविल) / सहायक विकास अधिकारी (अवर अभियंता, सिविल) के 2819 पद (सामान्य चयन) व अवर अभियंता (सिविल) के 28 पद (विशेष चयन) सहित कुल रिक्त 2847 पदों पर चयन हेतु दिनांक 07.03.2024 को विज्ञापन प्रकाशित किया गया था। तदुपरांत प्रश्नगत विज्ञापन के अंतर्गत आयोग के शुद्धि-पत्र दिनांक 16.03.2024, 20.06.2024 व 24.06.2024 द्वारा विभिन्न विभागों के नियंत्रणाधीन संशोधित कुल 4612 {3739 (सामान्य चयन) +873 (विशेष चयन)}, पदों की सूचना प्रकाशित की गयी थी।

सूच्य है कि प्रश्नगत विज्ञापन के सापेक्ष मा० उच्चतम न्यायालय में योजित विशेष अनुज्ञा याचिका (सिविल) सं०-12843/2024 में पारित अंतरिम आदेश दिनांक 07.06.2024 एवं 27.11.2024 तथा मा० उच्च न्यायालय में योजित रिट याचिका संख्या-4442/2024, ग्रेजुएट इंजीनियरिंग स्टूडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन तथा अन्य प्रति उ०प्र० अधीनस्थ सेवा चयन आयोग तथा अन्य एवं रिट याचिका संख्या-4443/2024, शुभम चन्द्र त्रिपाठी तथा अन्य प्रति उ०प्र० अधीनस्थ सेवा चयन आयोग तथा अन्य में मा० उच्च न्यायालय द्वारा पारित निर्णयादेश दिनांक 10.12.2025, तदनुक्रम में योजित सिविल मिस० रिव्यु एप्लीकेशन संख्या-6/2026 में मा० न्यायालय द्वारा पारित आदेश दिनांक 12.01.2026 पर विस्तृत विचार-विमर्श के उपरान्त मा० आयोग द्वारा लिये गये निर्णय के अनुसार मा० उच्चतम न्यायालय में योजित विशेष अनुज्ञा याचिका (सिविल) संख्या-12843/2024, शुभम चन्द्र त्रिपाठी तथा अन्य प्रति उ०प्र० अधीनस्थ सेवा चयन आयोग तथा अन्य में मा० उच्चतम न्यायालय द्वारा पारित अंतरिम आदेश दिनांक 07.06.2024 के अनुपालन में आयोग की आवश्यक सूचना दिनांक 26.06.2024 के क्रम में आवेदन करने वाले केवल B.E./B.Tech (Civil) डिग्री धारक अभ्यर्थियों को चयन प्रक्रिया से बाहर रखते हुए प्रश्नगत विज्ञापन के अंतर्गत लिखित परीक्षा (मुख्य) हेतु शार्टलिस्टिंग की कार्यवाही की गयी है।

प्रश्नगत विज्ञापन के अंतर्गत विज्ञापित उक्त कुल 4612 पदों पर चयन के लिये प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (PET)-2023 के स्कोर में वास्तविक (Absolute) स्कोर अथवा नार्मलाइस्ड (Normalised) स्कोर में शून्य या उससे कम/ऋणात्मक अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को शार्टलिस्ट न करते हुये, विज्ञापित पदों के सापेक्ष श्रेणीवार 15 गुना (अंतिम कटऑफ अंक धारित करने वाले समस्त अभ्यर्थियों को सम्मिलित करते हुए) के अनुसार उपलब्धता की सीमा तक 26205 अभ्यर्थियों का परिणाम मा० आयोग द्वारा मुख्य परीक्षा में प्रतिभाग करने हेतु अनुमोदित किया गया है।

उक्त के क्रम में प्रश्नगत विज्ञापन से सम्बन्धित समस्त अभ्यर्थियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा-2023 के नार्मलाइज्ड स्कोर के आधार पर चिन्हित अभ्यर्थियों का परिणाम आयोग की वेबसाइट upsssc.gov.in पर अपलोड कर दिया गया है। अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट के होमपेज पर उपलब्ध उक्त परिणाम से सम्बन्धित लिंक पर जाकर वांछित प्रविष्टियां अंकित कर अपना परिणाम देख सकते हैं।

01/04/2026

(अवनीश सक्सेना)
सचिव।